(26)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :— यू0डी0 खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 16/2021

फूलाराम सैनी पुत्र भंवरलाल सैनी, जाति माली, मोतीसिंह की ढाणी, जांगिड मंगल भवन के पास, वार्ड न0 51, बगड रोड, झुंझुनूं।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) झुंझुनूं।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 09.03.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 03.02.2021 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 16/2021 पर दिनांक 04.02.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021 /329—330 दिनांक 04.02.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/20/213 दिनांक 11.02.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी फूलाराम सैनी पुत्र भंवरलाल सैनी, मोतीसिंह की ढाणी, जांगिड मंगल भवन के पास, वार्ड नं0 51, झुंझुनूं का आवेदन इस कार्यालय मे दिनांक 17.12.2020 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ16(4)(5) न्याय/सू0अ0/09/660 दिनांक 17.12.2020 के द्वारा राजस्व अनुभाग को प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया। राजस्व अनुभाग ने अपने पत्र कमांक प. 40(11)(2) राज/RTI2005/2020/3884—85 दिनांक 22 दिसम्बर 2020 के द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु तहसीलदार झुंझुनूं को पत्र प्रेषित किया गया है। तहसीलदार झुंझुनूं ने अपने पत्रांक आर0टी0आई0/2021/190 दिनांक 9.3.2021 द्वारा अवगत कराया है कि प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक 177—178 दिनांक 1.3.2021 के द्वारा सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) झुंझुनूं के पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/20/213 दिनांक 11.02.2021 द्वारा रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी फूलाराम सैनी पुत्र भंवरलाल सैनी, मोतीसिंह की ढाणी, जांगिड मंगल भवन के पास, वार्ड नं0 51, झुंझुनूं का आवेदन उनके कार्यालय मे दिनांक 17.12.2020 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ16(4)(5) न्याय/सू0अ0/09/660 दिनांक 17.12.2020 के द्वारा राजस्व अनुभाग को प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र

जिला कलक्टर झुन्झुनूं

लिखा गया। राजस्व अनुभाग ने अपने पत्र क्रमांक प. 40(11)(2) राज/RTI 2005/2020/3884–85 दिनांक 22 दिसम्बर 2020 के द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु तहसीलदार झुंझुनूं को पत्र प्रेषित किया गया है। तहसीलदार झुंझुनूं ने अपने पत्रांक आर0टी0आई0/2021/190 दिनांक 9.3.2021 द्वारा अवगत कराया है कि प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक 177–178 दिनांक 1.3.2021 के द्वारा सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 09.03.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

09/03/21

(यू0डी0 खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनू
जिला कलक्टर झुन्झुनूं